राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
State Election Commission, Bihar

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 10.06.2026

बिहार के तकनीकी नवाचारों एवं निर्वाचन सुधारों के अध्ययन हेतु राज्य निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल का आगमन

राज्य निर्वाचन आयोग,बिहार द्वारा स्थानीय निकाय चुनावों में किए जा रहे अभूतपूर्व तकनीकी नवाचारों, ऑनलाइन मतदान प्रणालियों एवं निर्वाचन सुधारों के अध्ययन हेतु दिनांक 10.06.2026 को छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के दो सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का पटना स्थित आयोग कार्यालय में आगमन हुआ।

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के सचिव श्री मुकेश कुमार सिन्हा, विशेष कार्य पदाधिकारी श्री संजय कुमार एवं संयुक्त निर्वाचन आयुक्त श्री शम्भू कुमार के कुशल मार्गदर्शन में आयोग की टीम द्वारा आगंतुक प्रतिनिधियों को बिहार में चुनाव संचालन, निर्वाचन सुधारों तथा विभिन्न तकनीकी नवाचारों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अध्ययन सत्र के दौरान बिहार पंचायत राज अधिनियम/नियमावली (यथा संशोधित) के विभिन्न कानूनी प्रावधानों सहित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणालियों के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल को पारंपरिक मतपेटी के स्थान पर ई.वी.एम. (EVM) के प्रभावी प्रयोग और इसकी सुरक्षा व्यवस्था से अवगत कराया गया।

विशेष रूप से, बिहार आयोग द्वारा विकसित किए गए आधुनिक तकनीकी नवाचारों जैसे–ई-वोटिंग (E-Voting), फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (FRS), ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (OCR) और डिजिटल लॉक (Digital Lock) जैसी प्रणालियों के सजीव प्रदर्शन (Live Demonstration) ने आगंतुकों को बेहद प्रभावित किया।

इस उच्चस्तरीय अध्ययन से संबंधित प्रस्तुतीकरण में राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार की ओर से श्री चंदन कुमार (अवर सचिव), श्री योगेश कुमार राय (प्रशाखा पदाधिकारी), श्री आदित्य आनंद (प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी), श्री वैष्णो कुमार (सहायक प्रशाखा पदाधिकारी), श्री संजीव कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर), श्री संजय कुमार (दिनचर्या लिपिक) सहित श्री नीतीश कुमार (आई.टी. मैनेजर), पी.एम.सी. (PMC) टीम एवं एस.ई.आर. (SER) टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोग के इन अधिकारियों व तकनीकी विशेषज्ञों ने विविध पहलुओं पर विस्तृत तकनीकी प्रस्तुति दी तथा छत्तीसगढ़ से आए प्रतिनिधियों की जिज्ञासाओं के अनुरूप विभिन्न निर्वाचन सुधारों व नवाचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

Scanned with OKEN Scanner

छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावों में पारदर्शिता, निष्पक्षता और गतिशीलता लाने के लिए अपनाई जा रही इन तकनीकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा इसे अपने राज्य में भी लागू करने के संदर्भ में बेहद उपयोगी बताया। इस अवसर पर आयोग की ओर से क्रमशः अवर निर्वाची पदाधिकारी श्री अनिल कुमार पटेल एवं प्रेम प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी,आई.टी. सेल तथा तकनीकी टीम उपस्थित रहा।

इससे पूर्व छत्तीसगढ़ से पधारे श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव, उप सचिव- राज्य निर्वाचन आयोग (छत्तीसगढ़) एवं डॉ. एस.के.बेहार (एसोसिएट प्रोफेसर) का आयोग मुख्यालय पहुंचने पर सचिव श्री मुकेश कुमार सिन्हा द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर भव्य स्वागत व अभिवादन किया गया। स्वागत के दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी श्री संजय कुमार, संयुक्त निर्वाचन आयुक्त श्री शंभू कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद ने दोनों राज्यों के बीच इस तरह के तकनीकी ज्ञान व प्रशासनिक अनुभव के आदान-प्रदान को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने भी बिहार के आतिथ्य और ज्ञानवर्धक सत्र के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के सहयोग को जारी रखने की इच्छा जताई। धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस उच्चस्तरीय अध्ययन से संबंधित प्रस्तुतीकरण का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

अंत में, विविध नवाचारों के संबंध में सफलतापूर्वक प्रस्तुतीकरण के समापन के उपरांत छत्तीसगढ़ से पधारे दो सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त, बिहार ने स्मृति चिह्न प्रदान कर विदा किया।

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

Scanned with OKEN Scanner